हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026




**खबर संक्षेप**

## जिले का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा



**राजनांदगांव।** अंचल का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया है, जो कि सामान्य से लगभग पौने पांच डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन और ठंड की यही स्थिति बनी रहेगी। जिसके बाद तापमान में इजाफा का दौर शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तरी दिशा से आ रही ठंडी एवं शुष्क हवाओं की वजह से अंचल सहित प्रदेश के मध्य हिस्सों में ठंड का कहर बढ़ गया है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी लगातार नीचे आ रहा है। जिसकी वजह से लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अब उत्तर से आ रही हवाएं कमजोर पड़ रही है। जिसके चलते ठंड का असर भी कम होने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि अंचल का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया है।


सम्पूर्ण छतीसगढ़ के बेरोजगार और असंतुष्ट युवा साथियों के लिए सुनहरा अवसर : मनपसंद काम और इनकम का पैकेज उपलब्ध है।
शीघ्र संपर्क करें सीमित दिनों के लिए
इंजीनियर पी एल सुलाखे
9425554092, 9644677750
हरि ओम नगर, चिखली वार्ड राजनांदगांव छत्तीसगढ़


### सरकारी ई-मेल पर आई बम से उड़ाने की धमकी, मची रही अफरा-तफरी

# जिला न्यायालय में बम की अफवाह से मचा हड़कंप, ढाई घंटे चला सर्च ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर जिला एवं सत्र न्यायालय में एक ई-मेल आने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आत्मघाती बम से कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी के बाद यहां पुलिस फोर्स ने न्यायालय परिसर को छावनी में तब्दील करते सभी अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकाला और इसके बाद जजों को निकाल गया। न्यायालय परिसर में लगभग ढाई घंटे तक बम की तलाश की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।

न्यायालय परिसर में बम प्लांट करने की सूचना ई-मेल से प्राप्त होने के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ को इसकी सूचना दी। जिसमें कहा गया कि संदिग्ध मेल से 2.35 बजे तक सभी जजों को बाहर निकालने चेतावनी दी गई है और आरडीएक्स के माध्यम से आत्मघाती हमले की धमकी दी गई है। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई और इसके बाद पुलिस बल ने यहां पहुंचकर बम की तलाश शुरू कर दी। बम की खबर मिलने से जिला न्यायालय परिसर के बाहर अधिवक्ताओं सहित आम लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। इस दौरान लोग बम को लेकर तरह-तरह की चर्चा करते रहे। किसी ने बम को लेकर अफवाह बताया तो किसी ने इसे मॉकड्रिल बताया। इधर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। एसपी, एएसपी, सीएसपी सहित दर्जनभर पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान लोगों को पैनिक ना होकर सुरक्षित जगह पर जाने की सलाह दी गई।

**स्थानीय के साथ ही पड़ोसी जिले से भी बुलाए गए बम निरोधक दस्ता**






### बम नहीं मिलने पर राहत की सांस

पुलिस द्वारा लगभग ढाई घंटे तक जिला न्यायालय में बम की तलाश की गई। इसके लिए बम निरोधी दस्ते और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया था। राजनांदगांव के अलावा खैरागढ़ से भी बीडीएस टीम पहुंची थी। सभी टीम द्वारा संयुक्त जांच की गई। जिसमें न्यायालय परिसर में बम नहीं मिलने के बाद अधिवक्ताओं और जजों को दोपहर लगभग सवा एक बजे भीतर भेजा गया।

### एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच

इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि बम प्लांट करने की सूचना पर गहन जांच किया गया है, जहां कोई भी बम नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच के लिए एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेल कहां से आया था, इसकी फॉरेंसिक टीम जांच करेगी।

### 2.35 बजे उड़ाने की दी थी धमकी

विक्रम राजगुरू आउटलुक डॉट कॉम के माध्यम से मानव आत्मघाती हमला द्वारा आरडीएक्स, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल करके हमला किए जाने की धमकी दी गई थी। इस मेल में न्यायालय के कोर्ट बिल्डिंग को बम के माध्यम से आत्मघाती हमला कर धमाका किए जाने की धमकी देते हुए जजों को दोपहर 2.35 बजे तक बाहर निकाले जाने की चेतावनी दी गई। जिसके बाद पत्र के माध्यम से रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर को सूचनार्थ और कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को आवश्यक सुरक्षा एवं सुरक्षात्मक उपाय किए जाने कहा गया।

### संदिग्ध मेल की जांच

एक संदिग्ध मेल से कोर्ट परिसर में बम प्लांट करने की सूचना मिली थी, ईमेल वीपीएन के माध्यम से डीजे कोड के शासकीय मेल आईडी पर भेजा गया था, इस मेल की जांच की जा रही है।

-अंकिता शर्मा, एसपी

# जंगल में सजी थी जुआ फड़, दबिश में 5 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

**खास बातें**

- आरोपियों से ताश पत्ती सहित एक लाख 74 हजार रुपए बरामद
- जंगल में जुए की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा

जिले में जारी पुलिस अभियान के तहत जुआं फड़ पर कार्रवाई की गई है। बताया गया कि अंचल के जंगल में जुआरी एकत्र होकर जुआ का फड़ सजाए हुए थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। जिससे हड़कंप मच गया। जुआ खेलने के मामले में पांच आरोपियों पर कार्रवाई कर ताश पत्ती एवं नगदी रकम जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला केसीसी पुलिस द्वारा अवैध जुआ-सट्टा की गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 7 जनवरी को थाना गातापार के ग्राम मंडेलाटोला स्थित बांध किनारे पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर ताश पत्ती (काट-पत्ती) जुआ खेलते 5 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से नगद राशि 174000 रुपए, 52 पत्ती ताश एवं मोबाइल फोन सहित कुल 2,43,000 मूल्य की सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने सूचना पर पुलिस दल द्वारा गवाहों की उपस्थिति में घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की गई। पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी मौके से फरार हो गए। जबकि 5 आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत दंडनीय पाया गया, जिस पर सभी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई।

### मौके से पकड़ाए यह जुआरी

मौके से गिरफ्तार आरोपी दिलीप खत्री निवासी खैरागढ़ से नगद 42,100 रुपए, देवा राजपूत निवासी खैरागढ़ से नगद 38,500 रुपए, कुंदन निर्मलकर निवासी रायपुर से नगद 34,200 रुपए, मकसुदन खरे निवासी राजनांदगांव से नगद 33,400 रुपए, निलकंठ साहू निवासी भिलाई-3 से नगद 25,800 रुपए व सभी से मोबाइल के साथ ही 52 पत्ती ताश एवं अन्य जुआ सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की गई है।







## खबर संक्षेप

### बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा



**साल्हेवारा।** साल्हेवारा मंडल महिला मोर्चा की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा किया। इस मौके पर महिला मोर्चा की गतिविधियों को बढ़ावा देने, नए सदस्यों को जोड़ने की रणनीति बनाई गई। सभी ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन के विस्तार पर सुझाव दिए।

### मानस गायन सम्मलेन 10 से

**डोंगरगांव।** सांगिनकछार में मानस गायन एवं टीका सम्मेलन 10 एवं 11 जनवरी को आयोजित किया गया है। ग्राम के जितेन्द्र सिन्हा ने बताया कि 10 जनवरी को सुबह हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा जिसमें बच्चे एवं शिक्षक शामिल होंगे। तत्पश्चात मानस मंडलियों की प्रस्तुति होगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष सागर वर्मा, संचालक तुलेश वर्मा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह ग्रामीणों से किया है।

### मानस गायन 13 और 14 को

**डोंगरगढ़।** रामाटोला में मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 13 एवं 14 जनवरी को मानस सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। समिति प्रमुख तारमचंद देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां शामिल होकर मानस पाठ करेंगी। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति प्रशांत कोड़पे, रामखिलावन दुबे, महेश सेन, प्रीति वैष्णव, उर्वशी वर्मा, पोषण साहू, पुष्पा वर्मा, बेनूराम वर्मा, संतोष देवांगन, अविनाश वर्मा, गोपी वर्मा, भीषम ठाकुर शामिल होंगे।

### कथा का समापन 10 को

**डोंगरगढ़।** रामाटोला में देवांगन समाज के तत्वावधान 3 से 10 जनवरी तक मां परमेश्वरी देवी देवांगन पुराण कथा यज्ञ का आयोजन रखा गया है। देवांगन समाज के सचिव कुलेश देवांगन ने बताया कि आगामी 10 जनवरी को कथा समापन पर शोभायात्रा निकाला जाएगा। अंत में भंडारा रखा गया है।

### योजनाओं से कराया अवगत



**बांधाबाजार।** ग्राम पंचायत बांधा बाजार में ग्रामीणों को रोजगार, आवास एवं आजीविका संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के लिए 7 जनवरी को रोजगार एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों को नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी दी गई। आवास की स्वीकृत, निर्माण अवधि एवं पूर्ण आवास के बारे में बताया गया। मनरेगा अंतर्गत 90 दिवस की कुशल मजदूरी के संबंध में हितग्राही वार चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिपं सदस्य अरुण यादव थे। इस दौरान जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच युवराज नेताम, उमेंद्र धुर्वे, हरीश शर्मा, संतोष शुक्ला, निसार खान, रोजगार सहायक कैलाशसिंह, सचिव रेखावार सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्र जीवन में खेल का भी महत्व



**अर्जुनी।** सोनेसारार में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का समापन जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के आतिथ्य में हुआ। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। श्री गांधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ खेल का भी बहुत महत्व है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। खो- खो, कबड्डी, लंबीकूद, दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती, विवेक साहू, सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सांसद ट्राफी क्रिकेट स्पर्धा 24 से

**खुज्जी।** ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सांसद ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 24 से 30 जनवरी तक कापा में रखा गया है। यह आयोजन सांसद संतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में होगा। आयोजन समिति के कैलाश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में 50 से 100 पंचायतों की टीमें भाग लेंगी। प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय 51 हजार दिया जाएगा। मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रवेश शुल्क 3100 प्रति टीम निर्धारित है। उन्होंने क्रिकेट टीमों से स्पर्धा में शामिल होने का आव्हान किया है।

### राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर दी जान



**गंडई पंडरिया।** नगर के वार्ड 2 नवधा चौक में एक हदयविदारक घटना सामने आई है। यहां रहने वाले 28 वर्षीय लक्ष्मण गोंड पिता प्रभु गोंड ने गुरुवार सुबह अपने नए मकान के छत पर लगे हुक से मफलर के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक पेशे से राजमिस्त्री था। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे जब मृतक की दादी किसी काम से कमरे में गई। पोते को फंदे पर झूलता देख उसके होश उड़ गए और शोर मचाया। मोहल्ले वालों के अनुसार लक्ष्मण को अंतिम बार सुबह 8 बजे दोस्तों के साथ देखा गया। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा।

## निधन

### स्वतंत्र दीवान



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ निवासी स्वतंत्र दीवान का आकस्मिक निधन हो गया है। वह दिलीपधर दीवान के पुत्र एवं आशीष दीवान के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया है। उनके निधन पर दीवान परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### छब्बुबाई लारोकर

**डोंगरगढ़।** रूपचंद लारोकर की पत्नी छब्बुबाई लारोकर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर लारोकर परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

## धान खरीदी को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, किसानों ने सिस्टम की खोली पोल

**तकनीकी खामियां दूर नहीं होने से किसान हो रहे परेशान**

# खामियों को दूर कर किसानों का एक-एक दाना धान खरीदे सरकार

### प्रदर्शन के बाद कांग्रेसजनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

31 सौ रुपए की दर से प्रति एकड़ 21क्विंटल धान खरीदने का वादा कर किसानों के समर्थन से सत्ता में आई भाजपा सरकार और प्रशासन को घेरते हुए कांग्रेस ने गुरुवार को बड़ा प्रदर्शन किया। इस दौरान आंदोलन में शामिल होने पहुंचे किसानों ने खुले मंच से अपनी पीड़ा को रखा।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी को लेकर लगातार शिकायतें मिलने के बाद कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने सोसायटियों में पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी लिया था। किसानों से मिले तथ्य को लेकर उन्होंने सरकार और प्रशासन की मंशा पर सवाल उठाते हुए साफ तौर पर कहा था धान बेचने में किसानों को आ रही व्यवस्थागत खामियों को एक सप्ताह में दुरुस्त नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन करेगी। पूर्व घोषणा के मुताबिक कांग्रेस ने विधायक साहू के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड में धरना दिया।

**नहीं सुन रहा प्रशासन**

किसानों ने बताया कि धान खरीदी शुरू होने के बाद से रकबा सुधार सहित अन्य मसलों को लेकर वह सहकारिता, खाद्य और राजस्व विभाग के चक्कर काट रहे है किन्तु विभागीय तालमेल नहीं होने के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। किसानों ने कहा कि प्रशासन का यही रवैया रहा तो आगामी 30 जनवरी तक धान नहीं बेच पाएंगे।



**किसानों ने बतायी पीड़ा**

प्रदर्शन के दौरान विभिन्न गांव से आए किसानों ने एग्रीस्टेक पोर्टल से पंजीयन, टोकन, गिरदावरी, रकबा सुधार में आ रही दिक्कतों को उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की मंशा धान खरीदने की नहीं है इसलिए रोड़े लगाए जा रहे हैं। किसानों ने इस बात पर जमकर नाराजगी जताई कि सरकार की अनदेखी के कारण धान खरीदी शुरू होने के डेढ़ माह बाद भी उनकी शिकायतों का समाधान नहीं हो रहा है और वह धान नहीं बेच पा रहे हैं।

**बैकफुट पर प्रशासन**

डेढ़ महीने से ढुलमुल रवैया अपनाने के बाद कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने आंदोलन के एक दिन पहले 7 जनवरी को आदेश जारी कर कैरी फारवर्ड, वन अधिकारी पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन, अन्य संशोधन, त्रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण मे पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन, गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर पर नवीन पंजीयन आगामी 15 जनवरी तक करने कहा है।

**लड़ाई जारी रहेगी : दलेश्वर**

इस मौके पर विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि किसानों का धान खरीदने में सरकार विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि एग्रीटेक पोर्टल, पीवी एप, यूएफआर पंजीयन जैसी त्रुटिपूर्ण प्रणाली के कारण किसान धान बेचने से वंचित हो रहे है। धान खरीदी व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और किसान हितैषी नहीं बनाया गया तो सड़क से सदन तक लड़ाई जारी रहेगी। इस मौके पर किसान नेता गुलाब वर्मा, मदन साहू, गणेश साहू, हीरा सोनी, टिकेश साहू, भावेश सिंह, सुयश नाहटा, होमदत्त वर्मा, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, बिरेन्द्र बोरकर , संजय संचेती, ललित लोढा, रौशन यदु, प्रियंक जैन, सद्दाम खत्री, नियाजुद्दीन सोलंकी, अखिलेश नखत, बेबी खान, दीपिका साहू, राजाराम पंचारी, एश्वर्य जंघेल, पदमा देवांगन, साधना भारती, पुष्पेन्द्र नेताम, आरती कोरे, प्रदीप रत्नाकर, नरेन्द्र वर्मा, सुरेश सिन्हा, बलीराम साहू, मयंक यदु, विष्णु सोनी, किशोर बनाफर सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

## वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़




प्राथमिक, माध्यमिक, हायर सेकेंण्डरी स्कूल टटेंगा के तत्वावधान में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना किया गया। अतिथि स्वागत और उदबोधन के बाद छात्र छात्राओं ने लोक संगीत, गीत, नाटक, राउत नाचा, सुवा, ददरिया, आदिवासी नृत्य आदि प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं, स्वच्छताग्राही महिला समूह का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक कुंवरसिंह निषाद थे।अध्यक्षता प्राचार्य आरके देवांगन ने की। इस मौके पर प्रभा रामलाल नायक, कांति ओमप्रकाश सोनबरसा, टुमन साहू, किशोरी साहू, रमेश सोनवानी, सुरेश सार्वा, कोदूराम दिल्लीवार, चन्द्रशेखर उर्वशा, दीप्ती साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, हेमलाल साहू, लिखन सरर्पा, संतोष ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, पुरुषोत्तम वासनिक, रिखी साहू, बुधरू यादव, गैंदलाल देवांगन, पेमीन साहू, पुष्पा सुधाकर, देवेश्वरी देवांगन, त्रिवेणी गावरे, गंगोत्री सुधाकर, सुषमा कौशिक, ईश्वरी सुधाकर आदि उपस्थिति थी।

## एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन 15 तक

**डोंगरगढ़।** धान बेचने में आ रही परेशानियों को मद्देनजर राज्य सरकार ने एकीकृत किसान पोर्टल में 15 जनवरी तक पंजीयन करने की समय सीमा बढ़ा दी है। बता दें कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन उपरांत विवरण संशोधन का प्रावधान 7 जनवरी तक किया गया था, परन्तु रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड, फसल विवरण की प्रविष्टि, नवीन पंजीयन, रकबा संशोधन आदि कार्यवाही हेतु निरंतर अनुरोध किया जा रहा था। किसानों की समस्या पर विचार कर सरकार ने निर्णय लिया है कि एकीकृत किसान पोर्टल में सुधार 15 जनवरी तक करने का आदेश जारी किया है।

## एलबी नगर में 27 से श्रीराम मानस महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ नगर अध्यक्ष ने किया स्थल का भूमिपूजन

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आगामी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक श्रीराम मानस महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन हरिद्वार के संत चिन्मयानंद के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन को लेकर गत दिनों हाईस्कूल प्रांगण में विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने बताया कि मानस महायज्ञ अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7 से 12 बजे तक और दोपहर एक से 4 बजे तक संत चिन्मयानंद का प्रवचन होगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के आयोजन पर लगभग 30 लाख व्यय संभावित है, जिसे श्रद्धालुओं एवं दानदाताओं के सहयोग से पूरा किया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, उपाध्यक्ष छबिल साहू, अशोक साहू, प्रमोद अग्रवाल, जीवन साहू, भूखंड ताम्रकार, शेखर तिवारी, कुंदन तिवारी, दीपक अग्रवाल, नोबेल साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## डोंगरगांव के साकेत धाम में हिन्दू सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महाकाल शिव मंदिर साकेत धाम में कल 9 जनवरी को डोंगरगांव और खुज्जी मंडल का संयुक्त हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नगर भ्रमण करते हुए साकेतधाम पहुंचेगी। यहां 11 बजे से रामचरित मानस का पाठ होगा। कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप मेंहिन्दू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री राकेश भार्गव, धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब, विभाग प्रचारक जितेन्द्र शर्मा, राष्ट्र सेवा समिति की जिला कार्यवाहिका ऋतु शर्मा, बालोद के मानस मर्मज्ञ पुरूषोत्तमसिंह राजपूत शामिल होंगे। श्री गुप्ता ने बताया कि आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में गत दिनों बैठक आयोजित कर सभी को प्रचार आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस बैठक में दिनेश गांधी, सुरेश गुप्ता, नवनीत अहीर, संतोष यादव, गणेश राम, हरीप्रसाद मालेकर, हेमंत साहू, वैभव राजपूत, अंजू त्रिपाठी, मनोज हिमनानी, प्रकाश गुप्ता, हीना जैन, महेश्वरी गंजीर, गायत्री यादव, योगेश पटेल, धनीराम चौधरी, राकेश दुबे, गुलशन हिरवानी, रितीक तिवारी, संतोष सोनी, राजीव वैष्णव, हरिप्रसाद, यदुराम, राकेश देवांगन आदि शामिल हुए। आयोजन से जुड़े लोग घर घर जाकर न्यौता देने के साथ चावल और राशि एकत्रित कर रहे है। उन्होंने अंचलवासियों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

## सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



निषाद समाज जिला संगठन राजनांदगांव जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद की अध्यक्षता व प्रदेश सचिव गिरधर निषाद, संरक्षक हीराभाई निषाद, संरक्षक लालाराम निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद व सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजीराम निषाद, सलाहकार एसआर निषाद की उपस्थिति में नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का राजनांदगांव में प्रथम आगमन पर सम्मान किया गया।

समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद सहित नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों का जिला निषाद समाज राजनांदगांव में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुंवरसिंह निषाद व उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद ने प्रदेश में एकजुट होकर समाज के विकास में सहयोग करने पर जोर दिया। प्रदेश निषाद समाज में कोई भेद नहीं होना चाहिए। नशापान से दूर रहकर प्रदेश में संगठित होकर कार्य करें।

प्रदेश के नवनिर्वाचित पदाधिकारी में निषाद समाज प्रदेश संगठन अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, प्रदेश उपाध्यक्ष बोधीराम निषाद, महिला उपाध्यक्ष गायत्री कैवर्त, महासचिव मनोहरलाल निषाद, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार निषाद, सचिव गिरधरलाल निषाद, महिला सचिव मीना निषाद, संगठन सचिव नंदकुमार निषाद, उपसंगठन सचिव ईश्वर निषाद व आगेश्वर निषाद, प्रचार सचिव राजकुमार निषाद, अंकेक्षक मलेश निषाद, महादेव निषाद को शुभकामनाएं देते सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का संचालन महासचिव टीकम निषाद व अंकेक्षक हरिराम निषाद ने की। आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद ने की।

इस अवसर पर पद्मनी निषाद, हेमलता निषाद, ओमलता निषाद, बसंत लारिया, सोहन निषाद, मोतीराम निषाद, चुम्मनलाल निषाद, कृपाराम निषाद, सुकचंद निषाद, बसंत निषाद, रामशरण निषाद, हीरासिंग निषाद, गौतरिया निषाद, परदेशीराम निषाद, चतुर सिंह निषाद, भूषण निषाद, ओमकार निषाद, संवलूराम निषाद, झाडूराम निषाद सहित अन्य लोग शामिल थे।

**वक्ताओं ने सामाजिक समरसता एवं एकता पर बल दिया**

## सुरगी में विशाल हिन्दू सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




ग्राम सुरगी में शनिवार को बाजार चौक में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम में कलश शोभायात्रा रामसत्ता भजन के साथ निकाली गई। इसमें स्थानीय एवं आसपास से पहुंचे ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गली भ्रमण के बाद स्थानीय व आसपास से आए विशिष्ट, वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों को गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात लोककला एवं संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम, रामायण, जस झांकी व फाग गीत आयोजत किया गया। लोगों ने मानस गान, जसगीत झांकी, फाग गीत एवं अन्य लोक गीतों का आनंद उठाया।

साहित्यकार धर्मेन्द्र जैन ने कहा कि इतिहास में हमारे बलिदानियों को कम आंका गया। ग्रामसभा अध्यक्ष कमलेश कुमार साहू ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम की संयोजिका नीतू चंद्राकर ने महिलाओं व बच्चों को टीवी-मोबाइल से दूर रहने व हिन्दूत्व की विचारधारा से जुड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में ओमप्रकाश साहू, अशोक आकाश, सेवाराम बमभोला ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर सरपंच सुग्रीव साहू, उपसरपंच युवराज साहू, हुलासी ढीमर, महेश दिवाकर, नरोत्तम साहू, देवेन्द्र जैन, बेनीराम, बोधा गहने सहित पंचगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में आसपास के 10-12 गांव के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदकिशोर साहू, हरिश अग्रवाल, खिलेश्वर साहू, डॉ. एस. कुमार साहू, सुकृतदास साहू, नीतू चंद्राकर, राजू सिन्हा, तेज प्रकाश सिन्हा, गजाधर साहू, डोहर दास, फकीर प्रसाद साहू, पवन साहू, दयालूराम, राजेश्वर कुटारे, मेवाराम, शेखर साहू, भोजराम, रामअवतार, दुलेश्वर, देवनाथ, वासु, याददास साहू, खुमेश साहू, कौशल साहू व अन्य स्वयं सेवकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रीमन साहू ने किया। उक्त जानकारी फकीर प्रसाद साहू ने दी।

**प्लास्टिक के कम उपयोग पर जोर**

इस अवसर पर प्रजापति ब्रह्मकुमारी से रंभा दीदी व राष्ट्रीय सेविका समिति से रितू शर्मा ने मातृशक्ति,पंच परिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, परिवार में एक साथ खाना खाना, वार्तालाप, साथ में भजन, पर्यावरण प्लाटिक का कम उपयोग, समाजिक सद्भावना, स्व आधारित जीवन शिष्टाचार पर वक्तव्य दिया। मुख्य वक्ता विष्णु साव ने गुरु घासीदास, बीरसामुंडा, लक्ष्मीबाई, गुरु तेग बहादुर के बारे में सनातन संस्कृति का बखान कर सामाजिक समरसता, सद्भाव, एकता की भावना पर जोर दिया। मनखे-मनखे एक समान बाबा घासीदास का संदेश दिया।

### जिला स्तरीय गोष्ठी 10 को

**डोंगरगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्टी 10 जनवरी को श्री राम स्मृति उपवन चांदो में आहूत की गई है जिसमें जन्म शताब्दी कार्यक्रमों की तैयारी, समीक्षा सहित अन्य गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता होरीलाल साहू ने बताया कि जिला स्तरीय गोष्ठी में निर्माणाधीन श्रीराम स्मृति उपवन एवं गायत्री आश्रम के शुभारम्भ, कार्ययोजना के निर्धारण, जन्म शताब्दी सहित अन्य कार्यक्रमों पर चर्चा एवं निर्णय लिया जाएगा। गोष्ठी में उपजोन के समन्वयक नंदकिशोर सुरजन, जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, शक्तिपीठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### बोदेला मंडई 13 को

**तुमडीबोड।** समीपस्थ ग्राम बोदेला में मंडई 13 जनवरी को रखा गया है। लोगो के मनोरंजन हेतु रात्रि में छन्नू मन्नू छत्तीसगढी नाच पार्टी निपानी का कार्यक्रम रखा गया है। इसके पूर्व 10 से 12 जनवरी तक धर्माधिकारी सुधाकर शास्त्री साहेब काशी लहरतारा का सत्संग समारोह रखा गया है। यह जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख हिरामन साहू, दुष्यंत वर्मा ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## जिले के प्रभारी मंत्री देवांगन ने कलेक्टोरेट में अधिकारियों की ली बैठक

# जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो बेहतर क्रियान्वयन : मंत्री

## विभाग आपसी समन्वय के साथ करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियांवयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना चाहिए और इसके लिए सभी विभाग आपसी समंवय के साथ कार्य करें। अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रख पूरी जिम्मेदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं की सफलता तभी संभव है जब उनका वास्तविक लाभ आम नागरिकों को मिले। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा है कि शासन की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। खैरागढ़ नया जिला है, संसाधनों की सीमाएं हैं लेकिन आने वाले समय में सरकार क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देगी। बैठक में खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री त्रिपाठी, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, डीएफओ पंकज सिंह राजपूत, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।




### शिक्षा विभाग पर विशेष जोर

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री देवांगन ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने का निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित कक्षा और सतत मूल्यांकन पर जोर देते हुए कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित अभिभावकों से समन्वय बढ़ाने कहा। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने जिले में सभी पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, व्यवंदन कार्ड शत-प्रतिशत बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि इन कार्डों के माध्यम से उपचार की सुविधा सभी शासकीय और निजी अस्पतालों में उपलब्ध हो साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को बिना किसी बाधा के लाभ दिलाया जाए।

### जल जीवन मिशन पर निगरानी के निर्देश

जल जीवन मिशन की समीक्षा में प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि केवल योजना पूर्ण करना ही नहीं, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हर घर तक नियमित रूप से शुद्ध पेयजल पहुँचे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शिक्षा, श्रम, रोजगार, वन, महिला एवं बाल विकास, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बैठक में जिले में जारी नवाचार और जनहितकारी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले की पहचान सशक्त करने जिले का लोगो निर्माण, सांग थीम और प्रोफेशनल वीडियोग्राफी कराई गई है। कृषि एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में पान के विकास, खेक्सी की आधुनिक खेती, स्वर्णोपज महिला किसान उत्पादक समूह और नमो ड्रोन दीदी पहल के माध्यम से किसानों खासतौर से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। युवाओं के लिए प्रज्ञावृत्ति स्टूडियो की स्थापना कर कैरियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। पर्यटन विकास तहत छिंदारी के परिंदे और बैताल रानी देवगुड़ी को विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा राज्यपाल द्वारा गोद लिए गए सोनपुरी में विकास कार्य सहित जनभागीदारी से प्लेनेटोरियम स्थापना जैसी पहल से शिक्षा व विज्ञान को बढ़ावा मिला है। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा और हर्षिता स्वामी बघेल ने भी प्रभारी मंत्री को जिले की समस्याओं से अवगत कराया गया।

# डोकराभाठा धान उपार्जन केंद्र ठप

## प्रशासनिक लापरवाही, तीसरे दिन भी लौटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के डोकराभाठा धान उपार्जन केंद्र में लगातार तीसरे दिन खरीदी ठप रहने से सैकड़ों किसान परेशान नजर आए। महीनों पहले कटवाए गए टोकन लेकर जब किसान ट्रैक्टर भरकर केंद्र पहुंचे, तो उन्हें जगह की कमी का हवाला देकर वापस लौटा दिया गया।

एक ओर प्रशासन जिले में धान खरीदी और भुगतान के बड़े-बड़े आंकड़े जारी कर रहा है, वहीं जमीनी हकीकत डोकराभाठा केंद्र पर इसके ठीक उलट दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक डोकराभाठा समिति अंतर्गत संचालित खरीदी केंद्र में 6 और 7 जनवरी को एक दाना धान की तौल नहीं हो सकी और आज 8 तारीख को भी धान खरीदी बंद रही।

वजह साफ है उपार्जित धान के उठाव में भारी देरी। केंद्र की बफर क्षमता लगभग 72सौ क्विंटल है, जबकि 15 नवंबर से अब तक यहां 66138.40 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। इसके बावजूद अब तक केवल एक ट्रक से करीब 2310 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है।



### पहले ही जानकारी दी जा चुकी है

जगह की कमी और परिवहन में देरी की जानकारी पहले ही विभाग को दी जा चुकी थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं होने से आज यह स्थिति बनी हालांकि 6 को एक गाड़ी, 7 को तीन गाड़ी और आज 8 जनवरी को भी तीन गाड़ी धान उठने से खरीदी के लायक जगह खाली हो जाएगी तो किसानों को वापस नही लौटना पड़ेगा। - **रामकुमार जोशी,** अध्यक्ष सहकारी समिति

### पहले दी सूचना, फिर भी नहीं हुई कारवाई

समिति प्रबंधन का कहना है कि समस्या नई नहीं है। दिसंबर महीने से ही लगातार अधिकारियों को पत्राचार कर धान उठाव तेज कराने की मांग की जा रही थी। किसानों को प्रतिदिन 40 से 45 की संख्या में टोकन जारी कर 6 से 7 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया है, लेकिन परिवहन व्यवस्था समय पर नहीं सुधरी। मजबूरी में एक फड़ के बाद दूसरा फड़ भी जोखिम उठाकर चालू किया गया पर अब स्थिति ऐसी हो गई कि आगे खरीदी जारी रखना संभव नहीं रह गया। जिला प्रशासन द्वारा दावा किया गया है कि जिले की 39 समितियों के 51 केंद्रों में अब तक लाखों मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है और करोड़ों रुपये का भुगतान किसानों के खातों में किया गया है। वहीं डोकराभाठा केंद्र की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है जहां उठाव की धीमी रफ्तार ने पूरी व्यवस्था को जाम कर दिया है। टोकनधारी किसानों के लिए यह सिर्फ असुविधा नहीं, बल्कि आर्थिक नुकसान भी है। बार-बार खाली लौटने से परिवहन खर्च बढ़ रहा है और मौसम के चलते धान खराब होने का डर अलग। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन सिर्फ कागजी आंकड़ों तक सीमित रहेगा या डोकराभाठा जैसे केंद्रों पर जमीनी संकट को गंभीरता से लेकर किसानों को राहत दिलाएगा।

## खबर संक्षेप

### जी-राम-जी योजना में अब नहीं चलेगा भ्रष्टाचार

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा व्यापार एवं उद्योग प्रकोष्ठ के पूर्व



संयोजक राजेश गुप्ता अग्रहरि ने ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के नए वर्सन वीसी जी-राम-जी योजना को क्रांतिकारी योजना बताते कहा कि इस योजना के तहत अब गोदी खुदाई कार्य में गड्ढे खोदकर उसी गड्ढे को पाटने की भ्रष्टाचारी नहीं चलेगी। फर्जी मस्टर रोल व उसमें बड़े-बडे घरों के लोगों के नाम डालकर मजदूरी उगाही का काम नहीं चलेगा, देश की मोदी सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और भी अधिक सशक्त और उन्नत बनाने रोजगार गारंटी योजना को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी है। धान लुआई, कटाई व मिंजाई के समय मजदूरों का टोटा न हो, इसलिए इस समय के लिए 60 दिनों को रिक्त रखा है।

### पीएचई के ठेकेदारों को प्रताड़ित कर रहे अफसर

**राजनांदगांव।** पीएचई कांट्रेक्टर



एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अशोक पंजवानी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) दुर्ग के अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को बिल पास करने के नाम पर कमीशन के रूप में रिश्वतखोरी का जिक्र करते कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों को कमीशन के नाम पर अनावश्यक परेशान कर बिल को दो साल से अटका कर प्रताड़ित किया जा रहा है। श्री पंजवानी ने कहा है कि जल जीवन मिशन में अधिकारियों द्वारा बिल बनाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। ठेकेदार मजबूर हैं, क्योंकि उनके कार्य का बिल बनाना बाकी है। किए गए कार्यों का भुगतान दो साल से भी अधिक समय से लंबित है।

### पटेवा में हिन्दू सम्मेलन 12 को

**पटेवा।** ग्राम में आगामी 12 जनवरी को 11 बजे से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन की तैयारी में सर्व हिन्दू समाज जुटा है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता अभय बाजपेई, मुख्य अतिथि सीएमएचओ डां नेतराम नवरतन, वक्ता विजय साहेब, चैनदास जंघेल, डां इन्दुमती मिश्रा होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक विनोद बारले, सचिव रमेश वर्मा, ढालसिंग साहू, प्रमोद दुबे, नरेंद्र वर्मा, अजय ठाकुर, जितेन्द्र गायकवाड़, राकेश साहू, रामदास कोसरे, ललित साहू, जनक साहू, अक्षय पटेल, केदारनाथ साहू जुटे हैं।

# कलेक्टर चंद्रवाल ने गातापार जंगल जांच चौकी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खरीफ विपणन वर्ष में राज्य शासन के मंशानुरूप धान खरीदी कार्य को पारदर्शिता व सुचारू रूप से संचालित करने कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गातापार जंगल स्थित अंतर्राज्यीय जांच चौकी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण दौरान उन्होंने चेक पोस्ट पर की जा रही निगरानी व्यवस्था, वाहनों की जांच प्रक्रिया सहित अभिलेखों के संधारण की स्थिति का जायजा लिया। वही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अंतर्राज्यीय सीमाओं से अवैध रूप से धान का परिवहन किसी भी स्थिति में न होने पाए।



इसके लिए सतत निगरानी, सघन जांच और समन्वय के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों के हितों की रक्षा करते हुए धान खरीदी व्यवस्था को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाना जरूरी है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, प्रभारी खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसआईआर में गलती, राजपरिवार का विवाद फिर सुर्खियों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान सामने आई एक गंभीर त्रुटि ने एक बार फिर राजपरिवार के पुराने विवाद को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

मामला पूर्व सांसद व विधायक दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की वैवाहिक स्थिति से जुड़ा है, जिसमें प्रशासनिक रिकॉर्ड में ऐसी चूक सामने आई है, जिसने न केवल प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर दिया हैं, बल्कि सालों से चले आ रहे पारिवारिक टकराव को भी फिर उजागर कर दिया है। उदयपुर क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 177 की मतदाता सूची में दिवंगत राजा देवव्रत सिंह के नाम से जुड़ी वैवाहिक जानकारी को लेकर विवाद खड़ा हुआ है। रानी विभा देवव्रत सिंह का आरोप है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनके पति देवव्रत सिंह की पूर्व पत्नी पद्मा सिंह जिनसे तलाक हो चुका है और जो वर्तमान में नितिन पंत की पत्नी हैं उन्हें फिर से राजा देवव्रत सिंह की पत्नी के रूप में दर्ज कर दिया गया जबकि तलाक के बाद राजा देवव्रत सिंह का विवाह उनसे हुआ था। कागजों में इस तरह एक व्यक्ति के नाम के साथ दो पत्नियों जैसी स्थिति सामने आने पर मामला संवेदनशील बन गया है।

### लापरवाही का गंभीर उदाहरण

राजा देवव्रत सिंह के निधन के बाद से ही उनकी पत्नी रानी विभा सिंह और दोनों बच्चों आर्यव्रत सिंह व शताक्षी सिंह के बीच संपत्ति, अधिकार और दस्तावेजों को लेकर मतभेद सामने आता रहा हैं। कई बार यह विवाद सार्वजनिक मंचों और प्रशासनिक दफ्तरों तक भी पहुंच चुका है। अब मतदाता सूची में हुई इस गलती ने उस पुराने विवाद को एक नया मोड़ दे दिया है। रानी विभा देवव्रत सिंह का कहना है कि यह सिर्फ एक नाम की गलती नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है। उनका आरोप है कि यदि एक प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधि और राजपरिवार से जुड़े व्यक्ति के रिकॉर्ड में ऐसी चूक हो सकती है, तो आम नागरिकों के दस्तावेजों की स्थिति पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और रिकॉर्ड को तत्काल सुधारने की मांग की है।

### आपत्ति कराई दर्ज

एसआईआर सूची में मेरे पति का नाम किसी अन्य महिला द्वारा अपने पति के रूप में दर्ज कराने के कारण मेरे द्वारा तहसील कार्यालय में आपत्ति की गई थी मामले मे 14 जनवरी को सुनवाई तिथि तय हुई है। - **रानी विभा देवव्रत सिंह**

### संबंधित पक्षों को नोटिस जारी

प्रकरण सामने आने के बाद तहसीलदार छुईखदान ने इस संबंध में नोटिस जारी करते हुए 14 जनवरी 2026 को संबंधित पक्षों को दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया हैं। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि मामला अब औपचारिक जांच और सुनवाई की प्रक्रिया में शामिल हो गया है। फिलहाल प्रशासन या चुनाव आयोग की ओर से कोई विस्तृत आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन यह मामला जिले भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का मानना है कि यह प्रकरण सिर्फ एक परिवार के विवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि मतदाता सूची जैसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक दस्तावेजों की शुद्धता और पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।

# हर्बल उत्पाद निर्माण की सराहनीय पहल

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज में रसायन शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पिछले छह वर्षों से निरंतर हर्बल उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। यह सराहनीय कार्य प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के नेतृत्व एवं विभाग के सहायक प्राध्यापक एवं मार्गदर्शक डॉ. डाकेश्वर वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट कार्य के अंतर्गत किया जा रहा है।



डॉ. डाकेश्वर वर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध औषधीय पौधों की पहचान, उनके रासायनिक गुणों, उपयोगिता एवं प्रसंस्करण की वैज्ञानिक जानकारी दी जाती है। इसके पश्चात विद्यार्थी इन पौधों के आधार पर विभिन्न प्रकार के हर्बल उत्पाद जैसे हर्बल साबुन, शैम्पू, फेसवॉश, हैंडवॉश, हर्बल सैनिटाइज़र, हेयर ऑयल, हर्बल क्रीम, दंत मंजन तथा प्राकृतिक कीट प्रतिरोधक उत्पाद तैयार करते हैं। इन उत्पादों के निर्माण में रसायन शास्त्र के सिद्धांतों के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों का समन्वय किया जाता है। कुछ विद्यार्थियों को पुराने ग्रंथों में उल्लेखित प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न प्रकार के भस्म जैसे की अभ्रक, गोदन्ति, मंडूर, कपर्दक बनाने का भी प्रोजेक्ट कार्य दिया जाता है।

डॉ. वर्मा का मानना है कि हर्बल उत्पादों का निर्माण पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ औषधीय पौधों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध राज्य है और यदि इस प्राकृतिक संपदा का वैज्ञानिक एवं सतत उपयोग किया जाए तो यह क्षेत्र रोजगार सृजन और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण एवं उसके विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जाता है।

## कार्यशाला...



**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विवि के कथक विभाग में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला विषय विशेषज्ञ प्रो डॉ कविता ठाकुर नई दिल्ली ने विद्यार्थियों को कथक नृत्य के तकनीकीगत शब्दों यथा आमद, तोड़े और टुकड़े के संबंध में जानकारी प्रदान दी। कार्यशाला में सहायक प्राध्यापक डॉ जितेश कुमार गढ़पायले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वासुदेव इंफ्रा फुटबॉल लीग में टक्कर, आज सेफा

# फ्लड लाइट में फुटबॉल देखना रोमांचक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वासुदेव इंफ्रा राजनांदगांव फ्लड लाइट फुटबॉल लीग प्रतियोगिता अब अपने निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है। स्टेट हाईस्कूल ग्राउंड में 07 जनवरी को खेले गए मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। वहीं कल 9 जनवरी को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिन पर दर्शकों की निगाहें टिकी हुई है।

### पूर्व सांसद ने बढ़ाया उत्साह

फ्लड लाइट फुटबॉल लीग के दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजक काका फुटबॉल क्लब द्वारा अभिषेक सिंह का स्वागत सोनू वर्मा, लक्ष्मण लोहिया, राम साहू, अजय ज्ञानचंदानी, शिवम यादव, विजय मरकाम, योगेश बागड़ी ने किया। जिसके बाद उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### आज खेले जाएंगे सेफा

कल 9 जनवरी को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले दूधिया रोशनी में खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल ग्रुप ए टॉप-1 विरुद्ध ग्रुप बी टॉप-2 व दूसरा सेमीफाइनल मैच ग्रुप ए टॉप-2 विरुद्ध ग्रुप बी टॉप-1 होगा।




### हरसंभव सहयोग का आश्वासन

अभिषेक सिंह ने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव में सभी खेलों का अच्छे स्तर पर आयोजन होता है। फ्लड लाइट में फुटबॉल खेलते देखना बेहद रोमांचक अनुभव है। इस शानदार आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन देता हूं। इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देती है। नशे और अपराध से दूर रखती है तथा खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का संदेश समाज तक पहुंचाती है।

### मैचों के परिणाम

प्रतियोगिता के लीग चरण के खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहला मैच मार्निंग 11 बनाम सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य हुआ। सुपर स्ट्राइकर्स ने 3-0 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच विक्रम बने। दूसरा मैच हरिओम ऑटो बनाम पद्मावती यामाहा के मध्य हुआ। हरिओम ऑटो ने 2-1 से मुकाबला जीता। मैन ऑफ द मैच शिवेंद्र यादव रहे। तीसरा मैच बोरिंग एफसी बनाम इज्जी हार्डवेयर के मध्य हुआ। बोरिंग एफसी ने 4-0 से एकतरफा जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच प्रवेश कनोरिया थे। चौथा मैच री-यूनाइटेड बनाम हिंदू युवा मंच के मध्य हुआ। हिंदू युवा मंच ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर 4-2 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच देहराज मार्को घोषित किए गए।

# विधायक देवेन्द्र का स्वागत



**राजनांदगांव।** भिलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव का बुधवार को राजनांदगांव आगमन पर नेशनल हाईवे स्थित ग्राम टेडेसरा में विशु अजमानी के साथ शुभम कसार, सागर ताम्रकार, तौसीफ गोरी, हर्षिल हनी, अभी गुप्ता, अंशल श्रीवास्तव, रोशन परिहार एवं जीवेश सिन्हा सहित स्थानीय युवाओं द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात विधायक देवेंद्र यादव का काफिला ग्राम पदुमतरा के लिए रवाना हुआ। उनके साथ प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मानव देशमुख तथा स्वागत में शामिल कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।पदुमतरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में विधायक देवेंद्र यादव ने सहभागिता की और कथा स्थल पर पहुंचने पर आयोजक समिति एवं श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। विधायक श्री यादव ने कथा व्यास आचार्य पं. युवराज पांडेय महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं।

## सार समाचार

### नाबालिग को भगाने वाला पकड़ाया

**राजनांदगांव**। नाबालिग को शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़िता नाबालिग द्वारा 5 जनवरी को थाना उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें बताया गया कि आरोपी मोनू साहू उर्फ रोशन साहू 21 वर्ष निवासी लखोली संजय नगर द्वारा पीड़िता के नाबालिग होने की जानकारी होते हुए भी शादी का प्रलोभन देकर अपने साथ भगाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। आरोपी मोनू साहू उर्फ रोशन साहू 21 वर्ष निवासी लखोली संजय नगर को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने की भनक लगने पर अपने घर से फरार हो गया था, जिसे उसके मोटर साइकिल के साथ घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार करने पर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### साइबर क्राइम के प्रति बच्चों को किया जागरूक

**राजनांदगांव**। महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान के तहत रक्षा टीम द्वारा स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक



अंकिता शर्मा के निर्देशन में जिले में महिला एवं बालिका सुरक्षा को लेकर निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में रक्षा टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक शाला नवागांव राजनांदगांव में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के लगभग 95 छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर अपराध से बचाव तथा अभिव्यक्ति ऐप की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराकर उसके उपयोग की जानकारी प्रदान की गई। इसी कड़ी में प्राईड एकेडमी कम्प्यूटर एजुकेशन राजनांदगांव में अध्ययनरत लगभग 45 छात्र-छात्राओं को रक्षा टीम प्रभारी उप निरीक्षक शारदा बंजारे द्वारा महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीक, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी दी गई एवं सभी को ऐप डाउनलोड कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं युवाओं को स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताना एवं आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु अभिव्यक्ति ऐप के उपयोग को बढ़ावा देना रहा।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव**। व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार जिला बालोद से अध्यनरत टेलीकॉम में कक्षा 9वीं से



12वीं तक के विद्यार्थियों का मिनीमाता शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक राजनांदगांव में शैक्षणिक भ्रमण के लिए उपस्थित हुए। विद्यार्थियों को तकनीकी संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम रोजगार संभावनाओं एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य डॉ. एमके चौबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में पॉलिटेक्निक एक अच्छा कैरियर ऑप्शन हो सकता है। जिसके माध्यम से बच्चे अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। संस्था के संबंधित ब्रांच के शिक्षकों द्वारा अपने-अपने ब्रांच की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के संबंधित विभाग के समस्त विभाग अध्यक्ष एवं व्याख्याताओं की उपस्थिति रही।

### तीन हजार लीटर नकली तरल यूरिया जब्त

**राजनांदगांव**। पाटेकोहरा बेरियर से लगे जुम्मन रेस्टोरेंट में नकली तरल




यूरिया का मामला सामने आया है, जिस पर चिचोला पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई करते हुए 147 बाल्टी 3000 लीटर नकली यूरिया जब्त किया गया। बताया जा रहा कि टाटा मोटर्स, अशोक लिलेड, महेंद्रा जैसी नामी कंपनियों के नाम का स्टीकर लगा कर बेचा जा रहा था। रेस्टोरेंट मालिक जुम्मन मौके से फरार बताया जा रहा है। इस पर पहले भी नकली डीजल बेचने के मामला दर्ज हो चुका है। पुलिस ने नकली तरल यूरिया जब्त कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। डीजल वाहनों के बीएस-6 उत्सर्जन मानकों को पूरा करने के लिए यह तरल यूरिया जरूरी है, यह इंजन से निकलने वाले हानिकारक नाइट्रोजन ऑक्साइड को पानी और नाइट्रोजन में बदलकर प्रदूषण को कम करता है। यह पर्यावरण की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसे नकली तरीके से बनाकर बेचे जाने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। जिसके मद्देनजर उक्त कार्रवाई की गई है ।

## जिले में पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ अभियान

# अवैध रूप से शराब की बिक्री ढाबा संचालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ढाबा संचालकों द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री व सेवन कराने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंतर्गत 7 जनवरी को पुलिस अधीक्षक की विशेष टीम व लालबाग द्वारा संयुक्त रूप से थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित ढाबों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान ढाबा संचालकों द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने, पिलाने एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामलों में पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए। इस दौरान कुल 66 पौवा शराब बरामद किया गया।

पुलिस ने इस मामले के आरोपी राहुल यादव 25 वर्ष निवासी पेण्ड्री, मधु विश्वकर्मा 32 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर, मनीष तेजवानी 30 वर्ष निवासी नंदई, जितेन्द्र सिंह 51 वर्ष निवासी एचआईजी-56 कमला कॉलेज के पास, प्रणय श्रीवास्तव 27 वर्ष निवासी केलाबाड़ी जिला दुर्ग, वेदप्रकाश साहू 39 वर्ष निवासी आदित्य नगर दुर्ग, पारसराम साहू 25 वर्ष निवासी तितुरडीह दुर्ग सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं 34(2), 34(1), 36(क) एवं 36(च) के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है।



### मठपारा तालाब के समीप कोचिया पकड़ाया

मठपारा तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब बिक्री हेतु रखे हुए हैं। सूचना की तस्दीक हेतु पेट्रोलिंग पार्टी एवं गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस के अनुसार दबिश के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम योगेश मंडावी 25 वर्ष निवासी मठपारा बताया। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 19 पौवा शोले देशी मदिरा प्लेन कुल मात्रा 3420 एमएल कुल कीमती लगभग 1520 रुपए की शराब बरामद की गई।

### दो मामलों में 104 पौवा बरामद

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 जनवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम राजा खुज्जी में अवैध रूप से देशी मदिरा रखकर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 69 पाव देशी मदिरा 12.420 बल्क लीटर कीमती 5,520 रुपए जब्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम राजीव गिरी गोस्वामी उर्फ राजू उर्फ धीरेन्द्र गिरी गोस्वामी 34 साल साकिन ग्राम राजा खुज्जी बताया। बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया। साल्हे मार्ग में अवैध रूप से देशी मदिरा रखकर बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 35 पाव देशी मदिरा 06.300 बल्क लीटर कीमती 2800 रुपए जब्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम नुतन कुमार सिन्हा 26 साल साकिन ग्राम साल्हे बताया। बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया।

# पाटेकोहरा बेरियर में जांच 25 बसों से वसूला जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर आकस्मिक रूप से 26 बसों की जांच की गई। इस दौरान सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता सहित अन्य दस्तावेज की जांच की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़, परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार प्रदेश में संचालित यात्री बसों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष जांच अभियान परिवहन जांच चौकी पाटेकोहरा में 7 जनवरी को रात्रि 10 से 8 जनवरी को सुबह 10 बजे तक चलाया गया।

### जुर्माना वसूला गया

इस अभियान के अंतर्गत अंतर्राज्यीय एवं राज्य के भीतर संचालित यात्री स्लीपर बसों की गहन जांच की गई।जांच के दौरान कुल 26 बसों की जांच की गई। इनमें बसों में अनिवार्य सुरक्षा उपकरणों जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट-एड बॉक्स, इमरजेंसी एग्जिट, रिफ्लेक्टर, स्पीड गवर्नर एवं अन्य आवश्यक सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता की जांच की गई। सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर संबंधित बसों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते कुल 46,000 का जुर्माना वसूल किया गया।

### सुरक्षा मानको का पालन करने निर्देश

जांच के दौरान वाहन चालकों एवं संचालकों को भविष्य में सभी सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम करना है। परिवहन विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# नल से गंदा पानी की शिकायत पर महापौर सुबह पहुंचे ममता नगर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ममता नगर वार्ड के कुछ क्षेत्रों में नल में गंदा पानी आने की शिकायत पर महापौर मधुसूदन यादव आज सुबह निगम के तकनीकी व स्वास्थ्य अमला के साथ वार्ड का निरीक्षण कर लिकेज पाईप लाइन की जांच करने, साफ-सफाई करने के साथ-साथ क्लोरिन टेबलेट वितरण करने एवं प्रभावित क्षेत्र में टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव ने ममता नगर क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर वार्ड वासियों से रूबरू हुए और गंदा पानी आने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जल विभाग के उप अभियंता अनुप पाण्डे से गंदा पानी आने वाले क्षेत्र के गली नं. 3 व 5 के अलावा आसपास के क्षेत्रों में पाईप लाइन की जांच करने के निर्देश दिए तथा पानी में नियमित रूप से क्लोरिंन की मात्रा चेक करने कहा। उन्होंने कहा कि गंदे पानी आने या पाईप लाइन लिकेज जैसी शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें तथा प्रभावित क्षेत्र मे टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें।

### नाले की सफाई कराएं

स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा से महापौर श्री यादव ने कहा कि पंचशील कालोनी के पीछे बंद नाला की सफाई कर पानी निकासी करावे। उन्होंने नियमित रूप से गली, सड़क एवं नाली की सफाई करने, समय समय पर किटनाशक दवाईयो का छिडकाव करने, गड्ढे में भरे पानी की कच्ची नाली खोदकर निकासी कराने तथा क्लोरिन टेबलेट का वितरण करने कहा। उन्होने कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र एवं सघन बस्ती में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, मौसमी एवं संक्रामक बीमारी से बचने समझाईस दी जाए, साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर समुचित साफ सफाई किया जाए।

### क्लोरिन टेबलेट का वितरण

महापौर के निर्देश पर आज ही ममता नगर क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई कर क्लोरिन टेबलेट का वितरण किया गया। साथ ही पाईप लाइन लिकेज के संभावित स्थल गली नं. 3 व 5 तथा आसपास निगम के जल विभाग के अमला द्वारा खोदकर जांच एवं सुधार कार्य किया गया तथा पीएचई विभाग को पानी की सेम्पल की जांच करने भेजने के अलावा निरंतर मानिटरिंग की जा रही है। निरीक्षण के दौरान नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, वार्ड पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन सहित वार्डवासी एवं निगम का तकनीकी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

# सिंघोला हिन्दू सम्मेलन में निकाली कलश शोभायात्रा

- राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और सेवा भावना का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर्व हिन्दू समाज द्वारा मां भानेश्वरी मंदिर प्रांगण ग्राम सिंघोला में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। गली भ्रमण करते जस, सेवा भजन मंडली द्वारा संकीर्तन करते कलश शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम भारतमाता व छग महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्थानीय बच्चों द्वारा लोकनृत्य, रामायण एवं जगराता मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया।

कवि सचिन निषाद संयोजक सिंघोला मंडल ने लोगों को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और सेवा भावना के साथ स्वर्णिम जीवन जीने का संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डेमन तरार ने कहा कि हमारा देश विविध जाति एवं सम्प्रदायों का देश है, किन्तु हम सभी सनातन हिन्दू धर्म को मानने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जाति भेद से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना ही एक सच्चे हिन्दू का धर्म है तथा ऐसी भावना आने वाली पीढ़ी में जागृत करना अति आवश्यक है। शारदा चन्द्रा ने मातृ शाक्ति को आव्हान करते कहा कि हम भारत की सशक्त स्त्री है, अबला नहीं सबला हैं, भारत माता की सेवा करना हम सबका परम कर्तव्य है। भारत माता हमको शुभ आशीर्वाद देगी, तभी हम आगे युगों-युगों तक अमर रहेंगे। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र निषाद, नंदकिशोर साहू, खुशबू राकेश साहू, पुष्पा गायकवाड़, पुष्पा उईके उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रूपा साहू एवं अभार व्यक्त गोपेन्द्र साहू ने किया।

# 7 करोड़ धान घोटाला की जांच की मांग को लेकर शहर कांग्रेस ने सौंपा एसपी के नाम ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने वर्ष 2024-25 में धान संग्रहण केंद्र बाजार चारभांठा से लगभग 22 हजार क्विंटल धान की कमी की जांच को लेकर तात्कालिक प्रभारी अधिकारी पर अपराध पंजीबद्ध व वसूली की कार्यवाही के किए जाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि जिले के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभांठा से 7 करोड़ से भी अधिक का धान का शासन की सह पर अधिकारियों की मिली भगत से घोटाला कर जेब भरने का काम किया गया है और चूहों के ऊपर आरोप लगा कर शासन प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहा है जो बहुत ही हास्यास्पद है।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सिंह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही तथा वसूली किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से नव नियुक्त शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती नारायणी टोडर, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, धीरज सिंह ठाकुर पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, प्रवीण वैष्णव, आरिफ खान, राहुल सिन्हा, धनेश पाली, सुरेश वर्मा, सोनू चौहान, सागर नामदेव, जावेद कुरैशी, सीता ध्रुवे पार्षद, रचना कोशले, श्यामवती, सीमा झारिया, सीमा निर्मलकर, सरस्वती शाहू, उर्मिला राजपूत, संतोषी देवी सहित बड़ी संख्या में शहर कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ओवरलोड माल वाहन व क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग के दुर्ग उड़नदस्ता दल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व दुर्ग के उप निरीक्षक ओमकांत मिश्रा ने किया। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए 05 ओवरलोड मालवाहन वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिन पर 1,72,000 का जुर्माना मोटरयान अधिनियम के तहत लगाया गया। 10 बसें, जो निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी परिवहन कर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही थीं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 18,500 का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग एवं परमिट उल्लंघन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसे निरंतर चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे।

# प्रवासी मजदूरों पर भारी पड़ रही कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



जनवरी माह के इन दिनों में पूरे जिले में कड़ाके की ठंड लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। हालात यह हैं कि जिले के वनांचल क्षेत्रों में रात का तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है, वहीं मैदानी इलाकों में भी शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। ठंड के इस तीखे तेवर ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शाम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि साधन-संपन्न लोग गर्म कपड़े, कंबल, रजाई और रूम हीटर जैसे साधनों के सहारे किसी तरह सुकून भरी रातें गुजार ले रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक परेशानी उन साधनविहीन और गरीब तबके के लोगों को झेलनी पड़ रही है, जो रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों से आकर कवर्धा जिले में डेरा डाले हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में वे प्रवासी मजदूर शामिल हैं, जो इन दिनों जिलेभर में संचालित सैकड़ों निजी गुड़ फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शीतकाल में गन्ना पेराई का कार्य तेज होने के कारण हर साल की तरह इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों से सैकड़ों मजदूर कवर्धा जिले में पहुंचे हैं। ये मजदूर गुड़ फैक्ट्रियों के आसपास ही खुले आसमान के नीचे घास, पूस, बोरी, फट्टियों और पॉलीथिन के सहारे अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। न तो उनके पास पक्की छत है और न ही ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन। मजदूरों का कहना है कि दिन के समय वे किसी तरह धूप के सहारे ठंड काट लेते हैं, लेकिन सूर्यास्त के बाद हालात बेहद भयावह हो जाते हैं। रात होते ही ठंडी हवाएं शरीर को कंपकंपा देती हैं और खुले आसमान के नीचे रहना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शीतलहर मानो उनकी मुश्किलों को और बढ़ा देती है। छोटे बच्चों और महिलाओं को इस ठंड में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि शासन-प्रशासन को इन प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। ठंड से बचाव के लिए अस्थायी रैन बसेरे, कंबल वितरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि कड़ाके की ठंड में ये मजदूर सुरक्षित रह सकें।







# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव


**खबर संक्षेप**

## जिले का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर



**राजनांदगांव।** अंचल का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया है, जो कि सामान्य से लगभग पौने पांच डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन और ठंड की यही स्थिति बनी रहेगी। जिसके बाद तापमान में इजाफा का दौर शुरू होगा। उल्लेखनीय है कि उत्तरी दिशा से आ रही ठंडी एवं शुष्क हवाओं की वजह से अंचल सहित प्रदेश के मध्य हिस्सों में ठंड का कहर बढ़ गया है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी लगातार नीचे आ रहा है। जिसकी वजह से लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि अब उत्तर से आ रही हवाएं कमजोर पड़ रही है। जिसके चलते ठंड का असर भी कम होने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि अंचल का अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री पर पहुंच गया है।






### सरकारी ई-मेल पर आई बम से उड़ाने की धमकी, मची रही अफरा-तफरी

# जिला न्यायालय में बम की अफवाह से मचा हड़कंप, ढाई घंटे चला सर्च ऑपरेशन

**स्थानीय के साथ ही पड़ोसी जिले से भी बुलाए गए बम निरोधक दस्ता**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

आज सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर जिला एवं सत्र न्यायालय में एक ई-मेल आने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आत्मघाती बम से कोर्ट परिसर को उड़ाने की धमकी के बाद यहां पुलिस फोर्स ने न्यायालय परिसर को छावनी में तब्दील करते सभी अधिवक्ताओं को सुरक्षित बाहर निकाला और इसके बाद जजों को निकाल गया। न्यायालय परिसर में लगभग ढाई घंटे तक बम की तलाश की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला।

न्यायालय परिसर में बम प्लांट करने की सूचना ई-मेल से प्राप्त होने के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ को इसकी सूचना दी। जिसमें कहा गया कि संदिग्ध मेल से 2.35 बजे तक सभी जजों को बाहर निकालने चेतावनी दी गई है और आरडीएक्स के माध्यम से आत्मघाती हमले की धमकी दी गई है। मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई और इसके बाद पुलिस बल ने यहां पहुंचकर बम की तलाश शुरू कर दी। बम की खबर मिलने से जिला न्यायालय परिसर के बाहर अधिवक्ताओं सहित आम लोगों की भीड़ भी जमा हो गई। इस दौरान लोग बम को लेकर तरह-तरह की चर्चा करते रहे। किसी ने बम को लेकर अफवाह बताया तो किसी ने इसे मॉकड्रिल बताया। इधर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। एसपी, एएसपी, सीएसपी सहित दर्जनभर पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया। इस दौरान लोगों को पैनिक ना होकर सुरक्षित जगह पर जाने की सलाह दी गई।

### बम नहीं मिलने पर राहत की सांस

पुलिस द्वारा लगभग ढाई घंटे तक जिला न्यायालय में बम की तलाश की गई। इसके लिए बम निरोधी दस्ते और डॉग स्क्वाड को भी मौके पर बुलाया गया था। राजनांदगांव के अलावा खैरागढ़ से भी बीडीएस टीम पहुंची थी। सभी टीम द्वारा संयुक्त जांच की गई। जिसमें न्यायालय परिसर में बम नहीं मिलने के बाद अधिवक्ताओं और जजों को दोपहर लगभग सवा एक बजे भीतर भेजा गया।

### एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच

इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक ने कहा कि बम प्लांट करने की सूचना पर गहन जांच किया गया है, जहां कोई भी बम नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच के लिए एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेल कहां से आया था, इसकी फॉरेंसिक टीम जांच करेगी।

### 2.35 बजे उड़ाने की दी थी धमकी

विक्रम राजगुरू आउटलुक डॉट कॉम के माध्यम से मानव आत्मघाती हमला द्वारा आरडीएक्स, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस का इस्तेमाल करके हमला किए जाने की धमकी दी गई थी। इस मेल में न्यायालय के कोर्ट बिल्डिंग को बम के माध्यम से आत्मघाती हमला कर धमाका किए जाने की धमकी देते हुए जजों को दोपहर 2.35 बजे तक बाहर निकाले जाने की चेतावनी दी गई। जिसके बाद पत्र के माध्यम से रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर को सूचनार्थ और कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव को आवश्यक सुरक्षा एवं सुरक्षात्मक उपाय किए जाने कहा गया।

### संदिग्ध मेल की जांच

एक संदिग्ध मेल से कोर्ट परिसर में बम प्लांट करने की सूचना मिली थी, ईमेल वीपीएन के माध्यम से डीजे कोड के शासकीय मेल आईडी पर भेजा गया था, इस मेल की जांच की जा रही है।

-**अंकिता शर्मा**, एसपी

# जंगल में सजी थी जुआ फड़, दबिश में 5 पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

**खास बातें**

- आरोपियों से ताश पत्ती सहित एक लाख 74 हजार रुपए बरामद
- जंगल में जुए की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा

जिले में जारी पुलिस अभियान के तहत जुआं फड़ पर कार्रवाई की गई है। बताया गया कि अंचल के जंगल में जुआरी एकत्र होकर जुआ का फड़ सजाए हुए थे। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। जिससे हड़कंप मच गया। जुआ खेलने के मामले में पांच आरोपियों पर कार्रवाई कर ताश पत्ती एवं नगदी रकम जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला केसीसी पुलिस द्वारा अवैध जुआ-सट्टा की गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 7 जनवरी को थाना गातापार के ग्राम मंडेलाटोला स्थित बांध किनारे पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर ताश पत्ती (काट-पत्ती) जुआ खेलते 5 आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से नगद राशि 174000 रुपए, 52 पत्ती ताश एवं मोबाइल फोन सहित कुल 2,43,000 मूल्य की सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने सूचना पर पुलिस दल द्वारा गवाहों की उपस्थिति में घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की गई। पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी मौके से फरार हो गए। जबकि 5 आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत दंडनीय पाया गया, जिस पर सभी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विधिवत कार्रवाई की गई।

### मौके से पकड़ाए यह जुआरी

मौके से गिरफ्तार आरोपी दिलीप खत्री निवासी खैरागढ़ से नगद 42,100 रुपए, देवा राजपूत निवासी खैरागढ़ से नगद 38,500 रुपए, कुंदन निर्मलकर निवासी रायपुर से नगद 34,200 रुपए, मकसुदन खरे निवासी राजनांदगांव से नगद 33,400 रुपए, निलकंठ साहू निवासी भिलाई-3 से नगद 25,800 रुपए व सभी से मोबाइल के साथ ही 52 पत्ती ताश एवं अन्य जुआ सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिबंध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई की गई है।







## कार्रवाई : सड़क घेरकर व्यापार करने वालों पर सख्त प्रहार, अवैध ठेले जब्त

# नवीन बाजार में अतिक्रमण पर नगर पालिका का बुलडोजर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नवीन बाजार में गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर रेवाबंद मार्ग, विंध्यवासिनी मार्ग तक व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों द्वारा सड़क में अतिरिक्त बांस-बल्ली लगाकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे आवागमन के साथ-साथ यातायात बाधित हो रहा था, लगातार आ रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए गुरूवार को नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल सहित सभापति, पार्षदगणों ने नगर पालिका अधिकारी, मानव बल के साथ अतिक्रमणकारियों को बेदखल करने की कार्यवाही किया। अतिक्रमण कार्यवाही के लिए नगर पालिका द्वारा ट्रैक्टर वाहन, जेसीबी वाहन, मानव बल सहित क्रेन के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किया गया एवं कार्यवाही में अवैध ठेलों की जब्ती बनाया गया तथा बांस-बल्ली से सड़क पर व्यवसाय कर रहे लोगों को हटाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति एवं पार्षदगणों की उपस्थिति एवं नगर पालिका अमला, पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क पर अवैध रूप से लगाए गए ठेलों की जब्ती बनाई गई तथा बांस-बल्ली के सहारे सड़क पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे अतिक्रमणकारियों को तत्काल हटाया गया।





### सड़को पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीः चंद्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सख्त लहजे में कहा कि शहर की सड़कों पर अवैध कब्जा कर व्यापार करना नियम कानून का सीधा उल्लंघन है। उन्होने अपील की गई कि सड़को पर अवैध रूप से ठेला ना रखे एवं व्यवसाय के दौरान अपने दुकान के सामने अनावश्यक रूप से बांस-बल्ली तानकर सड़क को बाधित ना करें। भविष्य में यदि किसी ने दोबारा अतिक्रमण किया तो जुर्माना, सामग्री जब्ती और कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही के समय उपस्थित टीम ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों को निजी व्यापार का साधन बनाने वालों के खिलाफ अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि आमजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

### यातायात व्यवस्था में होगा सुधार

नवीन बाजार क्षेत्रांतर्गत गुरूतेग बहादुर चौक से लेकर रेवाबंद मार्ग एवं विंध्यवासिनी मार्ग तक लगातार हो रहे अतिक्रमण से यातायात प्रभावित हो रहा था साथ ही लोगों द्वारा अनाप-शनाप अवैध ठेलों को रखकर अवैध किराया वसूली भी किया जा रहा था, कुछ व्यवसायियों द्वारा बांस-बल्ली लगाकर तथा सड़क पर अवैध ठेले रखकर खुलेआम अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। इससे आम नागरिकों का पैदल एवं वाहन आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई गई थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर पालिका प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्णायक कार्यवाही की।



## ब्लॉक स्तरीय ब्लूप्रिंट आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशानुसार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्त्रोत समन्वयक पंडरिया के मार्गदर्शन में पंडरिया विकासखंड के विषयवार हाई एवं हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों के व्याख्याताओं हेतु ब्लूप्रिंट, प्रश्न निर्माण एवं शिक्षण शास्त्र पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण खंड स्त्रोत सभागार, पंडरिया में 02 से 06 जनवरी तक आयोजित हुआ, जिसमें डीआरजीएस एवं बीआरजीएस व्याख्याताओं की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विकासखंड से चयनित विषयवार विज्ञान समूह के बीआरजीएस व्याख्याताओं द्वारा दिवसवार समय-सारिणी के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), राज्य पाठ्यचर्या ढांचा (एससीएफ), सीखने हेतु अनुकूल वातावरण का निर्माण, विद्यालय संस्कृति, ब्लूप्रिंट एवं ब्लूम टेक्सोनॉमी, लर्निंग आउटकम्स, शिक्षण शास्त्र, विषयवार प्रश्न निर्माण एवं प्रश्नों का प्रस्तुतिकरण, भारतीय ज्ञान परंपरा, सूचना प्रौद्योगिकी, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा कर सहभागियों की समझ विकसित की गई। साथ ही प्रतिभागियों का प्री-टेस्ट एवं पोस्ट-टेस्ट भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस खंड स्त्रोत समन्वयक राममुरारी यादव ने ब्लूप्रिंट की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के व्याख्याताओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा तथा इससे शिक्षकों में विषयवार संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रश्न पत्र निर्माण की क्षमता का विकास होगा। कार्यक्रम में जिला स्त्रोत व्यक्ति बसंत डोरे, नरेश बौद्ध तथा विषयवार बीआरजीएस मानसिंह यादव, मनोज आदित्य, चंदप्रकाश डाहिरे एवं कीर्ति बिरको की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### खबर संक्षेप

#### ग्राम पंचायत बारदी में हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि पिपरिया।** ग्राम पंचायत बारदी में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें संतों एवं महंतों ने धर्म, समाज और एकता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जलेश चंद्रवंशी ने संबोधन दिया। जलेश्वर चंद्रवंशी द्वारा मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। आयोजक हलदार नाथ योगी थे। इस अवसर पर राधेश्याम चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज एवं सनातन समाज को एकजुट होकर अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने छुआछूत जैसी कुरीतियों का त्याग करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

### निधन

#### ईतवारी राम चंद्राकर

**हरिभूमि कुण्डा।** कुण्डा क्षेत्रांतर्गत ग्राम महली निवासी ईतवारी राम चंद्राकर आयु 73 वर्ष का रात्रि 01:30 बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। स्व. ईतवारी राम चंद्राकर कुण्डा स्वास्थ्य केंद्र से सुपरवाइजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका अंतिम संस्कार महली स्थित मुक्तिधाम में किया गया, इस दौरान बड़ी संख्या में परिवारजन, ग्रामवासी व क्षेत्रवासी गण उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. ईतवारी राम चंद्राकर सुशील, रघुराई, नंदकिशोर के पिता थे, उनके निधन से चंद्राकर परिवार में भारी शोक व्याप्त है।



**न्यायालय तहसीलदार कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

दिनांक 24/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम कुण्डा को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण कुमार आ. श्री तिलक शाह जाति तेली निवासी ग्राम कुण्डा तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने स्वयं प्रवीण कुमार/तिलक की जन्म-मृत्यु दिनांक 04/12/1995 को ग्राम-कुण्डा में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने संबधी आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09/01/26 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/12/25 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

जारी दिनांक - 24.12.2025
पेशी तिथि - 09.01.2026

मुहर

तहसीलदार
कुण्डा

## पक्की नाली व सीसी रोड के अभाव में गलियां बदहाल, ग्रामीण बुनियादी सुविधा लाभ से वंचित

- क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो की भारी अनदेखी, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला के ग्रामीण रहवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव की प्रमुख समस्या पक्की नाली और सीसी रोड निर्माण का अभाव बनी हुई है, जिसके चलते ग्रामीणों का जन-जीवन प्रभावित हो रहा है।

बताया जाता है कि गांव की गलियों में घरों का निस्तारी व गंदा पानी पक्की नाली के अभाव में खुले व गली मोहल्ले के बीचों बीच बह रही है, जिससे गली-मोहल्ले में गंदा पानी के जमावड़ा हाने व बहने से नदी-नाले जैसी स्थिति बन गई है। खासकर सतनामी पारा की अधिकांश गलियों की हालत बेहद खराब है। गंदा पानी के जमावड़ा होने से आवागमन बाधित तथा भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ गंदा पानी व गंदगी से उठने वाली बदबू से पूरा वातावरण दूषित हो चुका है, वहीं मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत के सरपंच और पंचों द्वारा पक्की नाली एवं सीसी रोड निर्माण के लिए संबंधित शासकीय कार्यालयों में कई बार मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

प्रशासनिक अनदेखी के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत और जनपद पंचायत से इस गंभीर समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की है। यदि नाली और सीसी रोड का निर्माण कराया जाए तो गांव का वातावरण स्वच्छ हो सकें साथ ही साथ राम्हेपुर कला स्वच्छ व आदर्श गांव के रूप में विकसित हो सकें।



### प्रधामनंत्री सूर्यघर योजना से जिले में रोशन हो रहे घर

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जिले में लोगों के लिए लाभ का बड़ा साधन बन रही है। इस योजना के तहत घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाकर लोग खुद बिजली बना रहे हैं। इससे न केवल बिजली बिल से राहत मिल रही है, बल्कि पर्यावरण को भी फायदा हो रहा है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि सोलर पैनल लगाने पर 50 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी मिलती है। केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए और राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। इसके साथ ही बैंक से लोन की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे आम नागरिकों के लिए सोलर पैनल लगवाना अब आसान और किफायती हो गया है। जिले के दामापुर जोन अंतर्गत ग्राम निगापुर निवासी प्रमोद कुमार साहू के घर में भी इस योजना के तहत सोलर पैनल लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई मनोज साहू ने 3 किलोवाट के सोलर पैनल के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद वेंडर का चयन कर सोलर पैनल इंस्टॉल कराया गया। इस पूरे कार्य में करीब 2 लाख रुपए की लागत आई, जिसमें से मात्र 15 दिनों के भीतर 78,000 रुपए की सब्सिडी सीधे उनके बैंक खाते में आ गई। इसके अलावा राज्य सरकार से 30,000 रुपए की सब्सिडी भी मिलेगी। इस तरह कुल 1,08,000 रुपए की सब्सिडी मिलने से सोलर पैनल की लागत आधे से भी कम हो गई। प्रमोद साहू बताते हैं कि पहले उनके घर का बिजली बिल हर महीने 1,000 से 1,500 रुपए तक आता था, लेकिन अब सोलर पैनल लगने के बाद बिजली बिल शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले जो राशि बिजली बिल में खर्च होती थी, अब उसी राशि से ईएमआई चुकाई जा सकती है और कुछ ही वर्षों में पूरी लागत वसूल हो जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि सोलर पैनल पर 25 साल की गारंटी मिलती है, जिससे यह एक दीर्घकालीन और लाभकारी निवेश साबित होता है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना वास्तव में आम नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## गन्ना आपूर्ति नहीं करने वाले अंशधारी सदस्यों पर गिरेगी गाज सदस्यता समाप्ति की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया में गन्ना आपूर्ति को लेकर गंभीर स्थिति सामने आई है। वर्तमान में कारखाना में 11 हजार से अधिक अंशधारी सदस्य पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 7 से 8 हजार सदस्य ही नियमित रूप से गन्ना आपूर्ति कर रहे हैं। शेष सदस्यों द्वारा गन्ना आपूर्ति नहीं किए जाने के कारण कारखाना को पेराई के लिए पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे पेराई सत्र को समय से पूर्व बंद करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार लगभग 150 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित यह सहकारी शक्कर कारखाना अपनी स्थापित क्षमता के अनुरूप संचालन नहीं कर पा रहा है, जिससे संस्था को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कारखाना में गन्ना विक्रय करने वाले अंशधारी सदस्यों को शासन की ओर से प्रोत्साहन राशि, रियायती दर पर शक्कर तथा प्रेसमड़ जैसी सुविधाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है। कारखना प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि संस्था की उपविधि क्रमांक 7 (2) के अनुसार प्रत्येक अंशधारी सदस्य को अपने द्वारा उत्पादित गन्ने का विक्रय संस्था में करना अनिवार्य है। वहीं उपविधि क्रमांक 9 (ब) (5) के तहत यदि कोई सदस्य संस्था के उद्देश्यों के विरुद्ध कार्य करता है अथवा अपने गन्ने का विक्रय कारखाना में नहीं करता है, तो उसे सदस्यता से हटाए जाने का प्रावधान है। इन्हीं प्रावधानों के परिप्रेक्ष्य में यह निर्णय लिया गया है कि कराए गए सर्वे के आधार पर यदि कोई अंशधारी सदस्य अपने द्वारा उत्पादित गन्ने का विक्रय कारखाना में नहीं कर रहा है, तो उसकी अंशराशि जब्त कर सदस्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी। कारखाना प्रबंधन ने सभी अंशधारी सदस्यों से अपील की है कि वे संस्था के हित में अधिक से अधिक गन्ना आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि कारखाना अपनी पूर्ण क्षमता के साथ संचालित हो सके और क्षेत्र के किसानों व संस्था दोनों को इसका समुचित लाभ मिल सके।



## नशामुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र सैगोना का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई के निर्देशन में कवर्धा थाना प्रभारी विवेक कुमार कश्यप द्वारा शिव मंगल महिला समिति दुर्ग द्वारा संचालित भोरमदेव नशामुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र सैगोना-कवर्धा की औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें हितग्राहियों को नशा से होने वाले विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराकर जन-जागरूक किया गया तथा हाल-चाल जाना गया। संस्था प्रबंधक श्रीमती अर्चना यादव ने हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाएं संबंधी जानकारी साझा की। इस दौरान कवर्धा थाना स्टॉफ सफीक कुरैशी, संस्थान के दिवस में तैनात स्टॉफ दिनेश पटेल, अरविंद झारिया, हिमांशु कौशिक, लखन यादव, पालसिंह धुर्वे एवं आरती चंद्रवंशी उपस्थित थे।

### पारदर्शी एवं जवाबदेही प्रशासन की ओर बढ़ते कदम, जानकारी मोबाइल एप पर

## रोजगार सह-आवास दिवस पर ग्रामीणों से हुआ सीधा संवाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरूवार को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही एवं पारदर्शिता के लिए लगातार नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में विगत तीन वर्षो में हुए निर्माण कार्यो की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने के लिए रोजगार सह आवास दिवस आयोजन के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन करना सिखाया गया। ग्रामीणों को बताया गया की गांव के प्रमुख स्थानों पर लगे क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करते ही महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए कार्यो की पूरी जानकारी मोबाइल पर ही प्राप्त हो जाएगी। इसके लिए किसी भी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को योजना में होने वाले निर्माण कार्य के संबंध में भी बताया गया। आजीविका डबरी निर्माण पर बताया गया कि इसके निर्माण से ग्रामीणों को एक ओर जहां रोजगार मिलेगा तो वहीं दूसरी ओर डबरी में मछली पालन से आजीविका संवर्धन होगा। डबरी के आसपास नमी से सब्जियों का उत्पादन कर इसके बिक्री से आमदनी के नये स्त्रोत उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। आजीविका डबरी में हितग्राहियों को मत्स्य पालन विभाग एवं उद्यानकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को सहायता प्रदान करते हुए तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करने की जानकारी दी गई। इस संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया की प्रत्येक महीने के 7 तारीख को रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया जाना है, जिसमें ग्रामीणों को योजना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। योजना से सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यो, कूप निर्माण, डबरी निर्माण पशुपालन हेतु शेड निर्माण, पौधरोपण जैसे अनेक कार्यो के द्वारा आजीविका संवर्धन की गतिविधियों पर ग्रामीणों का ज्ञानवर्धन किया जाता है।

### गांव में स्वीकृत आवास और निर्माण के संबंध में हुई चर्चा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत हुए आवास के हितग्राहियों के नामों का वाचन कर जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आवास निर्माण हेतु प्राप्त किश्तों, मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान, निर्माण सामग्री की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण (कन्वर्जेन्स) के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों से आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का आव्हान किया गया।

### विकसित भारत जी राम जी से मिलेगा और अधिक रोजगार

ग्रामीणों को 125 दिनों का रोजगार, समय पर मजदूरी भुगतान, मांग आधारित रोजगार, ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और आजीविका संवर्धन सहित अनेक जन कल्याणकारी प्रावधानों के साथ बने नए कानून विकसीत भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, विकसित भारत जी राम जी की जानकारी रोजगार सह आवास दिवस पर दी गई। महात्मा गांधी नरेगा में होने वाले बदलाव के विषय में बताया गया। नये कानून से ग्रामीणो, श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों सहित कमजोर समूह को होने वाले व्यापक लाभ की जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप



### 3 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ग्राम कारेसरा निवासी डालचंद साहू को उपचार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मुख्यमंत्री स्वेच्छा मद से 3 लाख रुपए की सहायता स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय के इस संवेदनशील पहल से श्री साहू के उपचार में बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरूवार को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से स्वीकृत 3 लाख रुपए का चेक डालचंद साहू को प्रदान किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि कोई भी नागरिक आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे। डालचंद साहू आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उपचार के लिए आर्थिक सहयोग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए यह सहायता स्वीकृत की। चेक प्राप्त करने के बाद डालचंद साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आर्थिक सहयोग उनके लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन उपस्थित थे।

### हॉफ नदी पुलिया मरम्मत कार्य की स्वीकृति

**कवर्धा।** दामापुर क्षेत्र में हॉफ नदी पर बने पुल के मरम्मत कार्य के लिए कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, दुर्ग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत प्राक्कलन के अंतर्गत पुल पर आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कार्य कराया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग सेतु ने बताया कि स्वीकृति के पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा तथा आगामी 10 दिवस के भीतर उपरोक्त सुधार कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। मरम्मत कार्य पूर्ण होने से आवागमन सुचारू होगा एवं आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी।

# जन्मदिन उत्सव महा बम्पर ड्रा के तहत हरिभूमि ने प्रतिभागियों को बांटे पुरस्कार









**कवर्धा।** अपने सुधि पाठकों के जन्मदिन को यादगार बनाने हरिभूमि द्वारा आयोजित की गई जन्मदिन उत्सव महा बम्पर ड्रा के तहत प्रतिभागी पाठकों को सांत्वना पुरस्कार वितरण किया गया है। पुरस्कार प्राप्त करने वाले पाठकों में कबीरधाम जिले के प्रीति साहू पिता श्रीराम साहू, संदीप पाण्डेय पिता रामजी प्रसाद, तोरणराम, नेताम पिता स्व . निर्मेश नेताम, महेश आमदे पिता भुलऊराम आमदे, बेला शर्मा पिता विजय कुमार शर्मा, अन्नपूर्णा ठाकुर पिता अजय पाल सिंह ठाकुर, श्रीराम साहू पिता जीआर साहू, दिलशान खान पिता असगर खान, विजय कुमार देवांगन पिता खोरबाहरा देवांगन, पल्लवी साहू पिता भाईराम साहू, शौर्य नेताम पिता तोरणराम नेताम शामिल हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वाले इन प्रतिभागियों ने दैनिक हरिभूमि की इस जन्मदिन उत्सव महा बम्पर ड्रा की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि हरिभूमि सिर्फ सूचना देने का मध्याम नहीं है सामाजिक दायित्वों को भी पूरा किया जा रहा है।

**मोर्चा:** सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाने वाले तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ कांग्रेसी ठेकेदारों ने दर्ज कराई शिकायत

# सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस में ही बबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम कोयलारी से मोदियापाथरा सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब होने और संबंधित कार्य ऐजेंसी व विभाग ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतते हुए घटिया निर्माण किए जाने का दावा करते हुए डामरीकृत सड़क को अपने हाथो से उखाड़ते हुए सोशल मीडिया में वीडियो वॉयरल करने वाले युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ उन्ही के पार्टी से ताल्लुक रखने वाले ठेकेदारों ने मोर्चा खोल दिया है।

जानकारी के मुताबित कांग्रेस नेता पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष डाकोर चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंद्रवंशी सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने ही पार्टी के कांग्रेसी नेता तुकाराम चंद्रवंशी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर से की है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में इन कांग्रेसी नेताओं और पेशे से ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि तुकाराम चन्द्रवंशी ने उनके द्वारा निर्मित ग्राम कोयलारी से मोदियापाथरा सड़क को पहले सब्बल फावड़ा से उखाड़ा और फिर हाथो से उखाड़ते हुए उसका विडियो बनाया तथा इसी वीडियो को संबंधित ठेकेदार को दिखा कर रूपए की मांग की तथा मुंह मांगी राशि नहीं देने पर वीडियों को सोशल मीडिया में वॉयरल कर दिया। इन कांग्रेस नेताओं और ठेकेदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि इसके पूर्व भी विगत विधानसभा चुनाव में 27 लाख रुपए के लेनदेन के चलते ही कांग्रेस पार्टी से तुकाराम चन्द्रवंशी को निलंबित किया गया था। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होने इस पूरे मामले की शिकायत जिला प्रशासन से करते हुए शासकीय संपत्ति को उखाड़ने तथा नुकसान पहुंचाने वाले के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

साथ ही मामले की शिकायत उन्होने पार्टी आलाकमान से भी की है।




### एक और सड़क का वीडियो वॉयरल

इन तमाम आरोप प्रत्यारोपों के बीच तुकाराम चन्द्रवंशी ने सड़क संबंधी एक और वीडियो सोशल मीडिया में वॉयरल कर सनसनी फैला दी है। इस जारी वीडियों में आरोप लगाया गया है कि शासन की योजना के तहत मेनरोड से बाघमाडा हड़ही तक कुल 340 लाख रूपए की सड़क निर्माण की स्वीकृति 2 मार्च 2024 को प्रदान की गई थी। कार्य स्थल पर लगे बोर्ड के मुताबिक इसकी कार्य पूर्णतः तिथि 17 मार्च 2025 बताई गई है। लेकिन तुकाराम चन्द्रवंशी के मुताबिक यहां डामरीकृत रोड ही नहीं है। उन्होने आरोप लगाया है कि संबंधित कार्य ऐजेंसी और उनके ठेकेदारों ने इस रोड का निर्माण सिर्फ कागजों में किया है। अब देखने वाली बात होगी कि क्या शासन-प्रशासन इस आरोप की भी जांच कराती है।

### सड़क निर्माण की जांच में विभाग व ठेकेदार को दी जा चुकी है क्लीन चिट

यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम कोयलारी से मोदियापाथरा सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब होने और संबंधित कार्य ऐजेंसी व विभाग ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतते हुए घटिया निर्माण किए जाने संबंधी वीडियो के सामने आने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की टीम रायपुर से अधीक्षण अभियंता की अगुवाई में जांच करने पहुंची थी। अधिकारियों की टीम ने 29 और 30 दिसंबर को दो दिनों तक सड़क की जांच की। दो स्थानों पर नव निर्मित सड़क का हिस्से को काटकर निकाला गया और सड़कचलित प्रयोग शाला से गुणवत्ता की जांच की गई। जांच टीम के अधीक्षण अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर अमित गुलहरे एवं अशोक देवांगन द्वारा रोड की जांच की गई। जांच में सड़क निर्माण में डामरीकरण कार्य की मोटाई 30 एमएम पाई गई जो कि निर्धारित मोटाई 20 एमएम से ज्यादा है। उसी प्रकार डामर की मात्रा 4.70 प्रतिशत के विरुद्ध 7.30 प्रतिशत पाई गई। जांच के दौरान पाया गया कि डब्लूबीएम गिट्टी कार्य का काम 2 लेयर में किया गया है जिसकी मोटाई 75- 75 एमएम प्रत्येक लेयर के विरुद्ध 85 एमएम और 80 एमएम पाई गई। मुरूम कार्य की मोटाई 150 एमएम की जगह 160 एमएम पाई गई एवं सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंड अनुसार पाए गए।

# 7 करोड़ धान घोटाला की जांच की मांग, शहर कांग्रेस ने सौंपा एसपी के नाम ज्ञापन



- दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई व राशि वसूली की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने वर्ष 2024-25 में धान संग्रहण केंद्र बाजार चारभांठा से लगभग 22 हजार क्विंटल धान की कमी की जांच को लेकर तात्कालिक प्रभारी अधिकारी पर अपराध पंजीबद्ध व वसूली की कार्यवाही के किए जाने की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध में शहर कांग्रेस कमेटी कवर्धा अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि जिले के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभांठा से 7 करोड़ से भी अधिक का धान का शासन की सह पर अधिकारियों की मिली भगत से घोटाला कर जेब भरने का काम किया गया है और चूहों के ऊपर आरोप लगा कर शासन प्रशासन अपना पल्ला झाड़ रहा है जो बहुत ही हास्यास्पद है।

शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री सिंह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही तथा वसूली किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से नव नियुक्त शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती नारायणी टोडर, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, धीरज सिंह ठाकुर पूर्व महासचिव युवा कांग्रेस, प्रवीण वैष्णव, आरिफ खान, राहुल सिन्हा, धनेश पाली, सुरेश वर्मा, सोनू चौहान, सागर नामदेव, जावेद कुरैशी, सीता ध्रुवे पार्षद, रचना कोशले, श्यामवती, सीमा झारिया, सीमा निर्मलकर, सरस्वती शाहू, उर्मिला राजपूत, संतोषी देवी सहित बड़ी संख्या में शहर कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने वनांचल ग्राम बांधा का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम बांधा का भ्रमण कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था तथा समुदाय के साथ पुलिस के बेहतर समन्वय को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया।

सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करते हुए उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए सामान्य ज्ञान एवं सुरक्षा संबंधी सवाल पूछे, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। उन्होंने बच्चों को न केवल पढ़ाई के महत्व के बारे में प्रेरित किया, बल्कि उन्हें नशीले पदार्थों, अपराध, इंटरनेट सुरक्षा और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक भी किया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, किसानों, महिलाओं और युवाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्रामीणों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था, सुरक्षा, सामाजिक सहभागिता एवं शांति व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं।

# ओवरलोड माल वाहन व क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर परिवहन व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग के दुर्ग उड़नदस्ता दल द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व दुर्ग के उप निरीक्षक ओमकांत मिश्रा ने किया। जिला परिवहन अधिकारी एमएल साहू ने बताया कि अभियान के दौरान कार्रवाई करते हुए 05 ओवरलोड मालवाहन वाहनों पर कार्रवाई की गई, जिन पर 1,72,000 का जुर्माना मोटरयान अधिनियम के तहत लगाया गया। 10 बसें, जो निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी परिवहन कर परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही थीं, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 18,500 का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि ओवरलोडिंग एवं परमिट उल्लंघन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ती है। जिले में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले में सुरक्षित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आगे भी ऐसे निरंतर चेकिंग अभियान चलाए

## महाविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित



**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गुरूवार को छात्र-छात्राओं में साहित्य के प्रति रुचि एवं नई पीढ़ी को साहित्य के साथ जोडने के उद्देश्य से महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 11.00 बजे किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ .केएस परिहार की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में साहित्य के प्रति रुझान का अवलोकन किया गया । जिन छात्र-छात्राओं की रुचि साहित्य लेखन में है उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का बहुत ही सुंदर अवसर सहित उत्सव के माध्यम से प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रा-छात्राओं ने कविता व कहानी लेखन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप कुमार सोनकर, विवेक चौहान, गौरव जयसवाल, सुश्री अंजू महोबिया, सुश्री काजल साहू एवं महाविद्यालय के छात्रा-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

### सुविधाः एकीकृत किसान पोर्टल में बढ़ाए गए अतिरिक्त प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राजस्व विभाग के अधिकारियों और पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के उपरांत "विवरण संशोधन" का प्रावधान 7 जनवरी तक सभी समितियों के समिति लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है। इसके साथ ही कृषकों द्वारा खसरा एवं रकबा सुधार, कैरी फारवर्ड फसल विवरण, नवीन पंजीयन तथा रकबा संशोधन जैसी प्रक्रियाओं के लिए लगातार किए जा रहे अनुरोधों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन ने एकीकृत किसान पोर्टल में अतिरिक्त प्रावधान करने का निर्णय लिया है। आदेशानुसार सभी समितियों के समिति लॉगिन में अब कैरी फारवर्ड रिमार्क एवं विवरण की प्रविष्टि 15 जनवरी तक की जा सकेगी। वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों के नवीन पंजीयन की सुविधा भी 15 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। विभिन्न प्रकार के विवरण संशोधन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है।

**खुले आसामान के नीचे घास पैरा की झोपड़ियों में रात काटने मजबूर**

# प्रवासी मजदूरों पर भारी पड़ रही कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



जनवरी माह के इन दिनों में पूरे जिले में कड़ाके की ठंड लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। हालात यह हैं कि जिले के वनांचल क्षेत्रों में रात का तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है, वहीं मैदानी इलाकों में भी शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। ठंड के इस तीखे तेवर ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। शाम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि साधन-संपन्न लोग गर्म कपड़े, कंबल, रजाई और रूम हीटर जैसे साधनों के सहारे किसी तरह सुकून भरी रातें गुजार ले रहे हैं, लेकिन सबसे अधिक परेशानी उन साधनविहीन और गरीब तबके के लोगों को झेलनी पड़ रही है, जो रोजी-रोटी की तलाश में दूसरे राज्यों से आकर कवर्धा जिले में डेरा डाले हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या में वे प्रवासी मजदूर शामिल हैं, जो इन दिनों जिलेभर में संचालित सैकड़ों निजी गुड़ फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, शीतकाल में गन्ना पेराई का कार्य तेज होने के कारण हर साल की तरह इस वर्ष भी विभिन्न राज्यों से सैकड़ों मजदूर कवर्धा जिले में पहुंचे हैं। ये मजदूर गुड़ फैक्ट्रियों के आसपास ही खुले आसमान के नीचे घास, पूस, बोरी, फट्टियों और पॉलीथिन के सहारे अस्थायी झोपड़ियां बनाकर रहने को मजबूर हैं। न तो उनके पास पक्की छत है और न ही ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन। मजदूरों का कहना है कि दिन के समय वे किसी तरह धूप के सहारे ठंड काट लेते हैं, लेकिन सूर्यास्त के बाद हालात बेहद भयावह हो जाते हैं। रात होते ही ठंडी हवाएं शरीर को कंपकंपा देती हैं और खुले आसमान के नीचे रहना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शीतलहर मानो उनकी मुश्किलों को और बढ़ा देती है। छोटे बच्चों और महिलाओं को इस ठंड में सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि शासन-प्रशासन को इन प्रवासी मजदूरों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। ठंड से बचाव के लिए अस्थायी रैन बसेरे, कंबल वितरण और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि कड़ाके की ठंड में ये मजदूर सुरक्षित रह सकें। फिलहाल, ठंड के इस प्रकोप के बीच खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजार रहे इन मजदूरों की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

